आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 30.07.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने और पन्द्रह अगस्त से पहले अपने सुझाव भेजने को कहा है।
- प्रधानमंत्री ने लोगों से एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने और सेल्फी लेकर इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का अनुरोध भी किया है।
- अंडमान निकोबार पुलिस के सड़सठवें बैच के सेवाओं के तेरह वर्ष पूरा होने के अवसर पर कई सामाजिक गतिविधियां आयोजित की गई।
- दक्षिण अंडमान ज़िला पुलिस ने कम्पयुटर सेन्टर से लापता हुई सोलह वर्षीय लड़की को सफलतापूर्वक खोज निकाला है।
- निकोबार गेम्स और स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से निकोबार ज़िला भारतोलन चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने और पन्द्रह अगस्त से पहले अपने सुझाव भेजने को कहा है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर इसे अपलोड करने और सुझावों को MyGov या नमो ऐप पर भी सुझाव भेजने का अनुरोध किया है।

प्रधानमंत्री ने लोगों से एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने और सेल्फी लेकर इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का अनुरोध भी किया है।

इस बीच, मध्योत्तर अंडमान जिले के सभी पुलिस थानों में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत संबंधित थानों के परिसरों में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इसमें थाने के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिए।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस के सड़सठवें बैच के सेवाओं के तेरह वर्ष पूरा होने के अवसर पर कई सामाजिक गतिविधियां आयोजित की गई। हाल ही में नगरपालिका परिषद के सहयोग से हैडो समुद्री क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर द्वीपों के पद्मश्री से सम्मानित और स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसेडर नरेश चन्द्र लाल सहित अन्य स्वयं सेवकों ने इसमें भाग लेकर तट क्षेत्र से करीब तेरह बैग कूड़ा–कचरा एकत्र किए। प्रणब कन्या संघ में भोजन का वितरण किया गया और स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के अलावा वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला पुलिस ने मिडिल प्वाइंट में एक कम्पयुटर सेन्टर से लापता हुई सोलह वर्षीय लड़की को सफलतापूर्वक खोज निकाला है। पांच जुलाई को लड़की के माता–पिता ने अपनी बेटी के कम्पयूटर सेन्टर से लापता होने के सम्बंध में अबरडीन पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस सम्बंध में पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी व्यक्ति के खिलाफ धारा तीन सौ तिरसठ के तहत मामला दर्ज कर टीम गठित की गई। गहन जांच के बाद दक्षिण अंडमान ज़िला पुलिस की टीम ने लापता लड़की को पश्चिम बंगाल चौबीस परगना के सरसुना गांव से ढूढ़ निकाला। व्यापक जांच कार्य और स्थानीय अधिकारियों सहयोग से पश्चिम बंगाल निवासी आरोपी ओमर एस.के को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह पूरे मामले की कार्रवाई दक्षिण अंडमान जिला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट की अध्यक्षता में हुई। आम जनता से अनुरोध किया गया है कि इस तरह के अवैध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दें। सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

<><><><><><><>

पहाड़गांव थाना पुलिस ने हाल ही में चोरी के एक मामले को आठ घंटे के भीतर सुलझाया है। छब्बीस जुलाई को डॉलीगंज क्षेत्र में दिन में साढ़े दस बजे एक व्यक्ति और उनकी पत्नी के साथ सड़क पर तेजी से आ रहे कार में सवार चालक और दो व्यक्तियों ने उनके साथ छेड़खानी की और गहने छीन कर भाग निकले। थाने में तीन अज्ञात व्यक्तियों पर बी एन एस दो हजार तेईस की धारा के तहत मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने एक टीम गठित कर छानबीन आरंभ की।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पच्चीस वर्षीय डॉलीगंज निवासी दिनेश, अट्ठाईस वर्षीय डॉलीगंज निवासी रूपेश कुमार थापा और चौबीय वर्षीय गुप्तापाड़ा निवासी एस. शिवाराज को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया। यह पूरी कार्रवाई दक्षिण अंडमान जिला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट की निगरानी में किया गया।

<><><><><><><>

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत द्वीपसमूह से अब तक पच्चीस हजार एक सौ चालीस परिवारों के बहत्तर हजार दो सौ सत्तावन सदस्यों ने पंजीकरण करवाएं हैं और ये सभी पांच लाख रूपये तक की नगदी रहित उपचार पाने के हकदार है। योजना के तहत कॉर्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, ओंकोलॉजी जैसी बीमारियों के इलाज के लिए पंजीकृत मरीजों को उपचार के लिए मुख्यभूमि के अस्पतालों में भेजा जाता है। अब तक करीब एक हजार नौ सौ पचास लाभार्थियों को मुख्यभूमि के सूचीबद्ध अस्पतालों में भेजा जा चुका है। योजना को सहयोग देने वाली क्रियान्वयन एजेंसी ने डिगनाबाद में अपना कार्यालय भी स्थापित किया है, जहां योजना से संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराई जाती है।

<><><><><><><>

सी सी एस के पूर्व अध्यक्ष अब्दुल मनाफ ने मन्नारघाट निवासी ओ सैय्यद अलवी के निधन पर शोक प्रकट किया है। उनका कल निधन हो गया वे नब्बे वर्ष के थे। शवयात्रा आज दिन में दस बजे इनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

निकोबार गेम्स और स्पोर्टस एसोसिएशन की ओर से पिछले दिनों निकोबार ज़िला भारतोलन चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। अंडमान निकोबार राज्य ओलम्पिक संघ के सहयोग से विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए आयोजित इस चैम्पियनशिप मे लड़कियों के सत्रह वर्ष आयु वर्ग के पैंतालीस किलोग्राम वर्ग में ऐलिस ने स्वर्ण पदक जीता। जूनियर और वरिष्ठ वर्ग में अलास्का ऐलीना ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। लड़कों के सत्रह वर्ष, बीस वर्ष और वरिष्ठ वर्ग के तीनों श्रेणियों के पचपन किलोग्राम वर्ग में बर्नड को स्वर्ण पदक मिला।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में चार वर्षीय समन्वित शिक्षा कार्यक्रम के लिए विभिन्न विषयों में प्रवेश के लिए एक और दो अगस्त को सुबह साढ़े नौ बजे परामर्श लिया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही प्रवेश शुल्क जमा करना होगा। कक्षाएं तीन अगस्त से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से द्वीपों में आंगनवाडी केन्द्रों और सरकारी स्कूलों में इक्कतीस हजार से अधिक बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई–द डेली टेलीग्राम्स ने इस खबर को पहले पन्ने के उपरी भाग में जगह दी है। पोर्ट ब्लयर नगरपालिका परिषद् द्वारा स्वच्छता अपनाओं बीमारी भगाओं अभियान के तहत राजनिवास में कृषि कर्मचारियों को जैविक खाद वितरित करने के समाचार को–द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। जैविक बागवानी फार्म सिप्पीघाट में वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होने के समाचार को–इंफों इंडिया ने पहले पन्ने पर जगह दी है।ओलंपिक खेल से जुड़े समाचार को – द इको ऑफ इंडिया ने अपने खेल पन्ने में जगह दी है।

<><><><><><><>